CASE STUDY 1

आज परिवार का अर्थ केवल पति-पत्नी और बच्चे तक सीमित है। संयुक्त और बड़े परिवार अब खत्म से हो गए हैं, जबकि बड़ा परिवार एक वटवृक्ष की भांति होता है, वह मनुष्य के जीवन में आने वाले आँधी तूफान में डटकर खड़ा रहता है। छोटे और एकल परिवार ज़रा सी भी मुश्किल घड़ी में घबराकर अक्सर आत्मघातक कदम तक उठा लेते हैं। यू०एन० वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइज़ेशन ने बड़े परिवार के संदर्भ में अध्ययन करने पर पाया कि बड़ा परिवार व्यक्ति को न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद करता है, बल्कि बीमारी या तनाव की स्थिति में अपनी प्रेरणा और देखभाल से एक बार फिर उसे चुनौतियों से जूझने के लिए तैयार करता है। चिंतक जॉर्ज बर्न्स ने बड़े परिवार के संदर्भ में टिप्पणी की है, "आप देश, शहर या गाँव के किसी भी हिस्से में रहें, खुशी उसी घर में आती है, जहाँ एकजुट परिवार होता है और उनके सुख-दुख साझा होते हैं।" दरअसल, व्यक्ति के वर्तमान और भविष्य का ढाँचा परिवार की मज़बूत नींव पर ही टिका हुआ होता है। परिवार की नींव जितनी मज़बूत होगी, व्यक्ति उतना ही सफल होगा। परिवार के साथ प्रेम और समर्पण से रहने के लिए शब्दों से अधिक महत्व भावनाओं का होता है। यदि व्यक्ति अपने परिवार के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा रहे, तो उनमें आपसी लड़ाई कम होती है। विद्वान जॉर्ज मूर कहते हैं, “अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए आप दुनिया का चक्कर लगा सकते हैं, लेकिन असली ज़रूरत एक भरा-पूरा घर-परिवार ही पूरी कर सकता है।" इसलिए बच्चों को बचपन से ही बुजुर्गों का सम्मान करना सिखाना चाहिए । परिवार से संबंधित विषयों की लेखिका फ़राह बारिया का कहना है, "यदि आप अपने बच्चों को आदर्श बनाना चाहते हैं, तो उन्हें बड़े परिवार के साथ जोड़िए । बच्चा उनके बीच रहकर स्वयं संस्कार और सद्गुण सीख जाएगा।"

(i) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए

कथन (A) : बड़ा परिवार एक वटवृक्ष के समान होता है।

कारण (R): वह जीवन में आने वाले आँधी-तूफ़ान में डटकर खड़ा रहता है ।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं ।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन

(A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(ii) गद्यांश में बड़े परिवार पर अध्ययन करने वाली किस संस्था का उल्लेख किया गया है ?

(क) वाई०एच०ए०

(ख) डब्ल्यू०टी०ओ०

(ग) डब्ल्यू० एच०ए०

(घ) डब्ल्यू०एच०ओ०

(iii) परिवार की नींव की मज़बूती पर व्यक्ति की ....

कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए

कथन

(i) इमारत खड़ी होती है ।

(ii) शक्ति निर्भर है।

(iii) सफलता निर्भर है ।

(iv) खुशियाँ आधारित होती हैं

विकल्प

(क) कथन (i) और (ii) सही हैं

(ख) कथन (iii) और (iv) सही हैं

(ग) केवल कथन (iii) सही है

(घ) कथन (i) और (iv) सही हैं

(iv) किसी की भी असली ज़रूरत कौन पूरी कर सकता है ?

(क) उसकी जमा-पूँजी

(ख) उसके बड़े-बुजुर्ग

(ग) उसकी कड़ी मेहनत

(घ) उसका भरा-पूरा परिवार

(v) 'वटवृक्ष' में समास का भेद है -

(क) कर्म तत्पुरुष

(ख) करण तत्पुरुष

(ग) संबंध तत्पुरुष

(घ) अधिकरण तत्पुरुष

<u>XXXXXX</u>